>

Title : Need to check the sale of spurious drugs in the country.

श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): महोदय, चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत ही गंभीर स्थिति निर्मित हो रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की योजना बनने के बाद भी एक ओर गरीबों हेतु दावा का प्रबंध नहीं हो पा रहा है दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्रों में नकली दवाओं का व्यापार भी तेजी से खूब चल रहा है। गरीब लोगों को चिकित्सक जो दवा लिखते हैं उसके स्थान पर नकली दवा थमा दी जाती है। जिससे अनेक लोगों की मृत्यु तक हो जाती है। किसी एक राज्य में नहीं समूचे देश में इस कारोबार के जरिए ग्रामीणों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। तमाम समाचार पत्रों से जानकारी बराबर आती रहती है कि अमुक स्थान से नकली दवाओं की फैक्ट्री पकड़ी गई करोड़ों की नकली दवा भी जब्त हुई, किन्तु उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की गई इसके संबंध में पता नहीं चल पैंता है। रोकने के लिए किए गए प्रयत्न निप्रभावी रहे हैं।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि दूरे देश में नकली दवाओं के कारोबार को बंद करने से प्रभावी सख्त कदम उठाये तथा दोषियों के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाये।